वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 243 बुधवार 28 दिसम्बर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### सांसद किरोड़ी बोले...

# RPSC से लीक हुआ पेपर

### कहा- 15 दिन पहले ही मास्टरमाइंड के पास पहुंचा, सीनियर टीचर भर्ती रद्द हो

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक प्रकरण के लिए सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि RPSC के कर्मचारियों ने 15 दिन पहले ही मास्टरमाइंड सुरेश ढाका और भूपेंद्र को पेपर दे दिया था। न सिर्फ उदयपुर बल्कि, जयपुर, जोधपुर, बीकानेर अजमेर, अलवर, भरतपुर, दौसा और कोटा में 21, 22, और 24 दिसंबर का पेपर लीक हुआ है। सांसद मीणा मंगलवार को जयपुर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी भर्ती परीक्षा को रद्द कर इस मामले की CBI से जांच होनी चाहिए, क्योंकि नकल प्रकरण में कई अधिकारी और राजनेता भी शामिल है। अगर सरकार ने ऐसा नहीं किया तो मैं जनता के साथ में सरकार के खिलाफ अभियान की शुरूआत करूंगा। सांसद मीणा ने कहा कि RPSC के कर्मचारियों ने तीन बार 80-80 (कुल 240) प्रश्न का सेट सुरेश ढाका और उसके साथियों को दिया था। इससे साफ होता है कि पेपर प्रिंटिंग प्रेस से लिंक नहीं हुआ है। बल्कि RPSC के मॉडरेटर ने ही पेपर लीक किया है। मीणा ने कहा कि मेरे पास उस व्यक्ति का भी नाम है, जिसने सुरेश और उसके साथियों को पेपर दिया। जांच प्रभावित होने की वजह से मैं फिलहाल उसका नाम नहीं बता सकता। मैं किसी भी दोषी को छोड़ने वाला नहीं हूं। सबकी असलियत जनता के सामने लेकर रखूंगा। सांसद मीणा ने कहा कि REET के दौरान सरकार ने आरोपी रामकृपाल की प्रॉपर्टी को ध्वस्त कर दिया था। कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के दोषियों के खिलाफ सरकार कार्रवाई नहीं कर रही, क्योंकि वह कांग्रेस नेता और रसूखदार है। उन्होंने कहा कि विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा का स्कूल अब तक सील नहीं हुआ है। न ही उस पर कोई कार्रवाई हुई है। ऐसे में नकल गिरोह के हौसले दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं। अगर सरकार समय रहते शर्मा के स्कूल पर कार्रवाई करती तो शायद सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा का पेपर भी लीक नहीं होता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में अब तक 16 भर्ती परीक्षाएं आयोजित हुई हैं। इनमें से 10 भर्ती परीक्षाओं का पेपर लीक हुआ है।



### बदमाशों ने पूरा नकल गिरोह तैयार किया

सांसद मीणा ने कहा- सुरेश ढाका जयपुर में लंबे समय से कोचिंग चला रहा है। इससे पहले भी भर्ती परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के मामलों में उसका संबंध था। रसूख की वजह से पुलिस ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। इससे उसके हौसले और बुलंद हो गए। इसके बाद उसने अपने साथियों के साथ पूरा नकल गिरोह तैयार कर लिया। इसमें कई सरकारी कर्मचारी और बेरोजगार युवक शामिल है। जो प्रदेश के नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में जल्द से जल्द सुरेश ढाका की गिरफ्तारी होनी चाहिए। ताकि असली नकल गिरोह का भंडाफोड़ हो सके।

## सर्दी के दौरान हैरिटेज निगम के आयुक्त ने दिये अधिकारियों को रैन बसेरों का नियमित निरीक्षण करने के दिये आदेश



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

हैरिटेज निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने मंगलवार को अधिकारियों को बढ़ती सर्दी के मद्देनजर हैरिटेज निगम द्वारा संचालित अस्थायी व स्थायी रैन बसेरों के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिये। आयुक्त मीणा के निर्देश मिलते ही कार्यालय समय के पश्चात भी अधिकारी रैन बसेरों का निरीक्षण करने पहुंचे व रैन बसेरों मे मौजूद सुविधाओं यथा बिस्तर, गद्दे ,कबंल व अलाव सेकने हेतु लकड़ियाँ, बिजली,भोजन व सफाई आदि का अपने सहयोगी कर्मियों के साथ जायजा लिया। अधिकारियों को अधिकांश रैन बसेरों मे व्यवस्थाएं ठीक मिली व जहां और बेहतर करने की जरुरत लगी उनके लिए तत्काल कर्मचारियों को भेज कर वयवस्था करवाई। अधिकांश रैन बसेरों मे आश्रय ले रहे लोगों ने भी बातचीत में व्यवस्थाएं संतोषजनक बताई। निरीक्षण में लगे अधिकारियों ने बताया कि पास के मंदिरों से रैन बसेरों मे रुके लोगों के लिए भोजन निशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है ।

# ग्रेड थर्ड टीचर्स ने खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा

### जयपुर के शहीद स्मारक पर शुरू किया धरना, बोले- 4 साल से कर रहे ट्रांसफर का इंतजार

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान में पिछले 4 साल से ट्रांसफर का इंतजार कर रहे ग्रेड थर्ड टीचर ने एक बार फिर सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया है। मंगलवार को जयपुर के शहीद स्मारक पर धरने पर बैठे ग्रेड थर्ड टीचर्स ने कहा कि अगर सरकार ने इस बार हमारे ट्रांसफर को लेकर कोई फैसला नहीं किया। तो हम यहां से नहीं उठेंगे। इसके साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ प्रचार कर करारा जवाब देंगे। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार ग्रेड थर्ड टीचर के ट्रांसफर का वादा कर सत्ता में आई थी। 4 साल से वक्त बीत जाने के बाद भी सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया है। इसके खिलाफ हम अब तक 6 बार धरना दे चुके हैं। लेकिन हमारी मांग पूरी नहीं हुई। ऐसे में इस बार जब तक मुख्यमंत्री हमारी मांग पूरी करने का आश्वासन नहीं देते। हमारा आंदोलन जारी रहेगा। चाहे इसके लिए हमें जेल ही क्यों ना जाना पड़े। टीचर्स के विरोध को लेकर शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने कहा कि पिछली बीजेपी सरकार ने भी चुनाव से ठीक पहले बिना किसी पॉलिसी के मई-जून में कुछ ट्रांसफर किए थे। लेकिन हम पारदर्शी तरीके से ट्रांसफर करना चाहते हैं। यही कारण है कि मैंने मंत्री बनने के बाद नई ट्रांसफर पॉलिसी बनाकर उड्ढ को भिजवाई थी। इसके बाद उड्ढ से कुछ बिंदुओं पर संशोधन की मांग की गई थी। ऐसे में फिलहाल हम देश के दूसरे राज्यों की पॉलिसी का अध्ययन कर रहे हैं। जल्द से जल्द हम नई ट्रांसफर पॉलिसी बनाकर नए शैक्षणिक सत्र से पहले उसे सौंप देंगे। ताकि ग्रेड थर्ड टीचर्स को राहत मिल सके।

# शास्त्रि-परिषद का विद्वत शिक्षण प्रशिक्षण शिविर का द्वितीय दिवस





**मुरैना. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन शास्त्री परिषद का विद्वत शिक्षण-प्रशिक्षण शिक्षण शिविर पूज्य गणनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी के ससंघ सानिध्य में ज्ञान तीर्थ मुरैना में आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज जी के आशीर्वाद के साथ विधिवत रूप से चल रहा है। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन शास्त्री परिषद के शिक्षण प्रशिक्षण शिविर में द्वितीय दिवस प्रथम सत्र का मंगलाचरण पंडित सचिन शास्त्री टीकमगढ़ ने किया। प्रथम प्रातः सत्र में ज्योतिष की कक्षा में पंडित गजेंद्र कुमार ज्योतिषाचार्य द्वारा मुहर्त के विषय में शुभ और अशुभ आदि का विशद विवेचन किया गया। इस मौके पर बृहत स्वयंभू स्तोत्र पुस्तक का विमोचन किया गया।पूज्य माता जी ने प्रवचन में कहा ज्योतिष का बहुत प्रभाव है वह प्रकाश की तरह चराचर जगत को प्रकाशित करता है। दोपहर कालीन सत्र में मंगलाचरण पंडित चंद्र प्रकाश जी चंद्र ग्वालियर ने किया ।न्याय सत्र का शिक्षण कार्य पंडित मयंक शास्त्री टीकमगढ़ द्वारा किया गया जिसमें आचार्य माणिक्य नंदी कृत परीक्षामुख ग्रंथ के बारे में जानकारी दी। अंत में ब्र. अनिता दीदी ने न्याय की विशेषता बताकर सभी को जैन न्याय की उपयोगिता से परिचित कराया। रात्रिकालीन कक्षा परिषद के महामंत्री आदरणीय ब्रह्मचारी जय निशांत भैया द्वारा दस लक्षण प्रवचन की पूर्व भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया ।उत्तम क्षमा मार्दव धर्म पर विशेष व्याख्यान एवं चर्चा की गई। शिविर कुलपति ब्रह्मचारी जय कुमार निशांत महामंत्री परिषद, कमल हाथीशाह व पंडित जयंत सीकर का योगदान रहा। यह शिक्षण प्रशिक्षण शिविर 30 दिसंबर तक अनवरत संचालित किया जाएगा।

# आर के पुरम जैन मंदिर में हुई धर्मसभा



**कोटा. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य आचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य मुनि 108 शुद्ध सागर जी महाराज का आर के पुरम स्थित मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन त्रिकाल चौबीसी मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। मंदिर समिति के अध्यक्ष महावीर जैन, महामंत्री पवन जैन पाटोदी, कोषाध्यक्ष ज्ञान चंद जैन ने बताया कि मुनि श्री दिगंबर जैन मंदिर रिद्धि सिद्धि से बिहार करके आर के पुरम जैन मंदिर आए। मुनि श्री के मंगल प्रवचन प्रतिदिन प्रातः काल 8: 30 बजे होगे ।मंदिर समिति के प्रचार प्रसार मंत्री पारस जैन पार्श्वमणि पत्रकार ने बताया कि आज की धर्म सभा में सकल दिगंबर जैन समाज समिति के अध्यक्ष विमल जैन नांता तलवंडी जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश जैन रिद्धि सिद्धि मंदिर समिति के अध्यक्ष टीकम चंद पाटनी महावीर जैन युवा रावतभाटा रामगंजमंडी बोराव से सैकड़ों श्रद्धालुगण उपस्थित थे। मुनि श्री शुद्ध सागर जी ने धर्म सभा में कहा कि जैन वस्तु का स्वभाव ही उसका धर्म है ।दया धर्म का मूल है ।धर्म दर्शन के स्याद्वाद और अनेकान्त सिद्धांतों से विश्व की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

### राजस्थान पर्यटन विकास निगम की अभिनव पहल

# जैसलमेर से हेलीकॉप्टर जॉयराइड सेवा का शुभारम्भ


### हवाई मार्ग द्वारा पर्यटन सर्किट बनाने की है योजना: राठौड़





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

देशी-विदेशी सैलानी अब जैसलमेर में हेलीकॉप्टर जॉयराइड का लुत्फ उठा सकेंगे। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के तत्वावधान में एवन कम्पनी के माध्यम से सम ढाणी, जैसलमेर से प्रायोगिक तौर पर इस सेवा की शुरूआत की गई है। बुधवार को अल्पसंख्यक मामलात मंत्री साले मोहम्मद, पर्यटन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा एवं आरटीडीसी चेयरमेन धर्मेन्द्र राठौड़ समेत अन्य अतिथियों ने हरी झण्डी दिखाकर एवं फीता काटकर इस अभिनव पहल का शुभारम्भ किया। अल्पसंख्यक मामलात विभाग के मंत्री साले मोहम्मद ने इस अवसर पर कहा कि राजस्थान पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। यहां पर पर्यटकों के लिए विविधताएं उपलब्ध हैं जिनका वो लुत्फ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जैसलमेर की पर्यटन क्षेत्र में अलग पहचान है एवं पर्यटकों में जैसलमेर को लेकर अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। उन्होंने जैसलमेर से इस सेवा को शुरू किए जाने पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। पर्यटन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने आरटीडीसी के नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान में पर्यटन के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह जॉयराइड ऐतिहासिक साबित होगी। इस नवाचार से जहां प्रदेश के टूरिज्म सेक्टर को फायदा मिलेगा वहीं प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ होगी। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ ने इस अवसर पर कहा कि अभी प्रायोगिक तौर पर सम ढाणी, जैसलमेर से हेलीकॉप्टर जॉयराइड प्रारम्भ की गई है। इसकी आशातीत सफलता के बाद राजस्थान के अन्य पर्यटन स्थलों को जोड़ते हुए हवाई मार्ग द्वारा पर्यटन सर्किट बनाने की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि इस पर्यटन सर्किट में धार्मिक, वाइल्ड लाइफ एवं हैरिटेज सर्किट बनाए जाएंगे जिससे देशी-विदेशी पर्यटकों को कम समय में अधिक पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने की सुविधा मिलेगी।




श्रीयुत् धर्मानुरागी महानुभावों,

सादर जय जिनेन्द्र।

निवेदन है कि संतशिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज के सुयोग्य शिष्य निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री 108 सुधासागरजी महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से पूर्ण विकसित श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संधीजी सांगानेर, में राजस्थान सरकार द्वारा राजकीय अतिथि का सम्मान प्राप्त आचार्य श्री 108 सुनीलसागरजी महाराज ससंघ लगभग 60 पिच्छी, श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संधीजी में दिनांक 30.12.2022 को प्रात: 8.00 बजे पधार रहें है।

सभी साधर्मी बन्धुओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर आचार्य संघ की अगुवानी करें और मन्दिर संधीजी में भव्य लवाजमें के साथ मंगल प्रवेश करवावें।

।। श्री देवाधिदेव 1008 भगवान आदिनाथ नम :।।



# श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी, सांगानेर, जयपुर

## आचार्य श्री 108 सुनीलसागरजी महाराज, ससंघ

## सांगानेर की पुण्य धरा पर 60 पिच्छी

# भव्य मंगल प्रवेश

## दिनांक 30-12-2022 प्रात: 8.00 बजे

: आयोजक :

प्रबन्ध कारिणी कमेटी

श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी, सांगानेर जयपुर

निवेदक : सकल दिगम्बर जैन समाज, सांगानेर, जयपुर

## वेद ज्ञान

### जिंदगी में सद्‌गुण होना जरूरी

हर एक इंसान समझता है कि जो वह कर रहा है, वह सबसे अच्छा है। वह जैसी जिंदगी जी रहा है, उससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। कई बार हम यह भूल जाते हैं कि सद्गुणों का जिंदगी में होना बहुत जरूरी है। इंसान यह भूल जाता है कि जब उसके अंदर घमंड पैदा हो जाता है तो फिर उसके कदम उसे प्रभु से दूर ले जाते हैं। अनेक बार प्रभु की खोज में लगे हुए लोगों के मन में भी घमंड आ जाता है। हम ऐसी जिंदगी जिएं, जो नम्रता से भरपूर हो। कुछ लोगों को अपने आप पर बड़ा घमंड होता है, उन्हें लगता है कि उनके कारण ही सब कुछ हो रहा है। वे सोचते हैं कि मैं बहुत अच्छा हूं, मैं बहुत पढ़-लिख गया हूं, मैंने बहुत पैसे कमा लिए हैं, मेरा बहुत बोलबाला है। अपने अहंकार को काबू में न रखा जाए तो फिर इंसान सच्चाई की जिंदगी नहीं जी पाता, क्योंकि जहां पर घमंड आ जाता है, वहां पर आदमी बढ़-चढ़कर बातें करना शुरू कर देता है, वह सच्चाई को भी बदल देता है। झूठी चीज को भी ऐसे दिखाएगा जैसे वह सच्ची हो। उसकी जिंदगी सच्चाई से दूर होनी शुरू हो जाती है। इंसान अहंकार में सच्चाई से बहुत दूर चला जाता है। अहंकार के कारण ही इंसान को गुस्सा भी आता है। हम यह न सोचें कि सारे गुण जरूरी नहीं हैं। अधूरे और अनियमित विकास से हम अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच सकते। हमें काम, क्रोध, लोभ, मोह, और अहंकार को काबू में करना है और एक संतुलित व स्थिर जिंदगी जीनी है। वह स्थिरता हमें तब मिलती है जब हम अंदर (अंतस) की दुनिया की ओर कदम उठाते हैं। स्थिरता हमें तब मिलती है, जब हम प्रभु की नजदीकी पाते हैं। इंसान को शांति तब मिलती है, उसकी जिंदगी में हलचल तब कम होती है, जब वह अंतर्मन में प्रभु की ज्योति का अनुभव करता है। सब कुछ हमारे अंदर है, लेकिन इंसान का ध्यान बाहर की ओर है। अगर हम अपना ध्यान अंदर की ओर करेंगे तो हम असलियत को जान जाएंगे। हमारे अंदर आध्यात्मिक जागृति आ जाएगी और हमारे कदम तेजी से प्रभु की ओर उठने शुरू हो जाएंगे। हम सब प्रभु को पा सकते हैं। हमें सिर्फ उन्हें दिल से, आत्मा की गहराई से पुकारना है। हमें अपनी रूह को उड़ान देनी है और अंदर की दुनिया में जाना है।

## संपादकीय

# कानून से ऊपर कोई नहीं...

किसी विवाद या अन्याय की स्थिति में व्यक्ति इंसाफ के लिए न्यायालय की शरण में जाता है। अदालतों में बैठे न्यायाधीश तथ्यों, तर्कों और सबूतों के आधार पर मामले में फैसला सुनाते हैं और उम्मीद की जाती है कि सही पक्ष को इंसाफ मिलेगा। लेकिन अगर खुद न्यायिक अधिकारी ही सबूत पेश करने के मामले में गड़बड़ी करने लगें और उसके आधार पर फैसला सुनाने लगें तो इससे न्याय की उम्मीद धूमिल होती है, न्यायालयों पर से भरोसा कम होता है। लक्षद्वीप के एक पूर्व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का जैसा आचरण सामने आया, वह न केवल न्याय की अवधारणा को खंडित, बल्कि हैरान करता है कि अगर न्यायिक अधिकारी गलत सबूत पेश करके



मुकदमे का पक्ष तय करें तो इससे कैसा उदाहरण स्थापित होगा। मगर अच्छी बात है कि इस मामले के सामने आने पर केरल उच्च न्यायालय ने स्पष्ट संदेश दिया कि कोई भी मजिस्ट्रेट, न्यायाधीश और अन्य न्यायिक अधिकारी कानून से ऊपर नहीं है और उसे भी कर्तव्य में लापरवाही के मामले में परिणाम भुगतने होंगे। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने एक आरोपी को दोषी करार देने के लिए मुकदमे में कथित रूप से साक्ष्य थोपने के मामले में लक्षद्वीप के पूर्व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को निलंबित करने का आदेश दिया। आमतौर पर अदालतों में गलत तथ्य, झूठे गवाह और फर्जी सबूत पेश करके मुकदमे को प्रभावित करने की कोशिशें देखी जाती रही हैं। मगर यह माना जाता है कि न्यायाधीश इस स्थिति में कानूनी प्रावधान, प्रक्रिया और व्यवस्था के साथ-साथ अपने विवेक का प्रयोग करके सही और गलत का पक्ष तय करते और उचित फैसला देते हैं। इसके उलट अगर यह स्थिति हो कि खुद न्यायिक मजिस्ट्रेट ही किसी मामले में आरोपी को दोषी करार देने के लिए जाली सबूत गढ़ कर या साक्ष्य थोप कर जालसाजी करे, तो ऐसे मुकदमे में फैसले का अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसी स्थिति में अदालत का फैसला स्वाभाविक ही न्याय के हक में नहीं होगा। मुश्किल यह है कि ऐसे किसी एक मामले से भी समूची न्यायपालिका की छवि पर असर पड़ता है और लोगों के बीच यह धारणा बनती है कि कोई न्यायिक मजिस्ट्रेट जब इस तरह की कर्तव्यहीनता कर सकता है तो न्याय की उम्मीद लेकर कहां जाया जाए। इसलिए केरल हाईकोर्ट ने इस मामले में जो रुख अख्तियार किया, वह राहत देता है। इससे यह उम्मीद बरकरार रहती है कि गलत आचरण का आरोपी भले ही न्यायिक मजिस्ट्रेट क्यों न हो, वह न्याय की परिधि से ऊपर नहीं है। यों न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के मसले पर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। खासकर निचली अदालतों में इस समस्या की जटिलता को लेकर चिंता जताई जाती रही है। लेकिन अब भी इस दिशा में ठोस पहलकदमी सामने नहीं आई है, जिससे न्यायिक अधिकारियों के भ्रष्टाचार पर पूरी तरह रोक लग सके।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# भूखे को भोजन

हर कल्याणकारी राज्य की जिम्मेदारी होती है कि उसका कोई भी नागरिक भूखा न सोए। अव्वल तो हर नागरिक के पास कोई न कोई ऐसा काम होना चाहिए, जिससे वह खुद अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके। मगर यह आदर्श स्थिति शायद किसी भी देश में नहीं है। इसलिए जो लोग खुद अपने भोजन का प्रबंध कर पाने में अक्षम हैं, उन्हें भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सरकारों पर आ जाती है। इसी दायित्व का निर्वाह करने के मकसद से भारत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून लागू किया गया था। अब सरकार की सांविधानिक बाध्यता है कि वह किसी को भूखे पेट न सोने दे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए खाद्य सुरक्षा योजना के तहत हर गरीब व्यक्ति को हर महीने पांच किलो अनाज उपलब्ध कराया जाता रहा है। अत्यंत गरीब परिवारों को अंत्योदय योजना के तहत प्रति परिवार पैंतीस किलो अनाज उपलब्ध कराया जाता है। खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत चावल, गेहूं और मोटे अनाज के लिए क्रमशः तीन, दो और एक रुपए प्रति किलो पर भुगतान करना होता है, जबकि अंत्योदय योजना में अनाज मुफ्त दिया जाता है। कोरोना काल में केंद्र ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत इन दोनों योजनाओं के अतिरिक्त पांच किलो अनाज मुफ्त उपलब्ध कराना शुरू किया था, जो सात चरणों में बढ़ते हुए इस महीने खत्म हो रही है। अब केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को आगे न बढ़ा कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और अंत्योदय योजना के तहत मिलने वाले अनाज के वितरण की अवधि एक साल और बढ़ा दी है। इस अनाज के लिए भुगतान नहीं करना पड़ेगा। यानी मुफ्त राशन उपलब्ध होगा। सरकार का कहना है कि करीब इक्यासी करोड़ तीस लाख लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा और इस पर करीब दो लाख करोड़ रुपए का खर्च आएगा, जिसे सरकार वहन करेगी। निस्संदेह इससे गरीबों को बड़ी राहत मिलेगी। दरअसल, कोरोना के बाद बंदी के चलते बहुत सारे लोग बेरोजगार हो गए और बहुतों का काम-धंधा बंद हो गया। ऐसे में बहुत तेजी से गरीबों की संख्या में वृद्धि हुई। उनके सामने दो वक्त के भोजन का संकट पैदा हो गया। उन्हें भोजन पहुंचाना सरकार का सांविधानिक कर्तव्य है। मगर यह सवाल फिर भी बना हुआ है कि इस तरह इतनी बड़ी आबादी को सरकार कब तक मुफ्त राशन उपलब्ध कराती रह सकती है। जिस देश की आधे से अधिक आबादी मुफ्त के राशन पर निर्भर हो और दो तिहाई आबादी को पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने की चुनौती हो, उसे लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। पिछले कई सालों से लगातार भारत विश्व भुखमरी सूचकांक में पायदान-दर-पायदान नीचे खिसक रहा है। अगले साल आबादी के पैमाने पर हम दुनिया का सबसे बड़ा देश बनने जा रहे हैं। इस तरह भोजन और पोषण संबंधी चुनौतियां उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही हैं। उत्पादन के मामले में भी पिछड़ रहे हैं। इसलिए खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता स्वाभाविक है। विशेषज्ञ लगातार सुझाव देते रहे हैं कि इस समस्या से पार पाने का यही तरीका है कि हर हाथ को काम मिले। मगर इस पहलू पर सफलता कठिन बनी हुई है। गरीबी और भुखमरी हर चुनाव में मुद्दा बनती है, राजनीतिक दल इनके जरिए गरीबों का भावनात्मक दोहन करने का भी प्रयास करते हैं, मगर हकीकत यही है कि हर साल ये समस्याएं बढ़ रही हैं। इनके समाधान के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है।



# परम पूज्य आचार्य श्री 108 सुनील सागर जी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश दुर्गापुरा में हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आचार्य श्री सुनील सागर जी महा मुनिराज का ससंघ भव्य मंगल प्रवेश मंगलवार दिनांक 27 दिसम्बर को जनकपुरी जैन मंदिर से विहार करते हुए मधुबन जैन मंदिर, कीर्ति नगर जैन मंदिर और महावीर नगर जैन मंदिर के दर्शन करते हुए दुर्गापुरा में श्रद्धालुओं की भक्तिभाव के साथ बैंड बाजे की मधुर धुनों के साथ गुणगान करते हुए हुआ। महिलाओं ने एवं युवाओं ने भी मंगल प्रवेश में बड़े भक्ति भाव से अपनी शक्ति प्रदर्शित की, जिसमें श्री दिगम्बर जैन मंदिर चंद्रप्रभु महिला मंडल दुर्गापुरा का विशेष योगदान रहा। श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी ट्रस्ट दुर्गापुरा जयपुर के अध्यक्ष प्रकाश चन्द जैन चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र कुमार जैन काला ने बताया कि मंगल प्रवेश में जगह जगह श्रावकों ने जन प्रतिनिधियों ने पाद प्रक्षालन एवं आरती करके पुण्यार्जन प्राप्त किया। धर्म सभा में चित्र अनावरण दीप प्रज्जवलन रूपेन्द्र छाबड़ा, राजेन्द्र कुमार जैन पापड़ीवाल ने ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों के साथ किया। आचार्य श्री ने प्रवचन में बताया कि जैन धर्म में देव, शास्त्र और गुरु का बड़ा महत्व है, इस पर श्रद्धा रखना सभी श्रावकों का परम कर्तव्य है। दुर्गापुरा जैन मंदिर का टोंक रोड पर बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है, बड़ा स्थान है उतने ही श्रावकों के बड़े भाव भी होने चाहिए। यहां युवा शक्ति एवं महिला शक्ति प्रवेश के समय देखने को मिली। श्रावकों को सम्मेद शिखर



की पवित्रता की मांग सरकार से जब तक पूरी ना हो तब तक कोई ना कोई नियम लेना चाहिए। आचार्य श्री ने कहा कि आने वाले दिनों में श्रावकों को इस संबंध में विरोध प्रदर्शन के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। आचार्य श्री के मंगल प्रवचन बुधवार दिनांक 28 दिसम्बर को प्रातः 8:30 बजे से दुर्गापुरा जैन मंदिर में होंगे।

# सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल ना घोषित करने की मांग बाबूलाल मरांडी ने की



**पारसनाथ. शाबाश इंडिया**

हाल ही में सम्मेद शिखर तीर्थ को पर्यटक स्थल घोषित करने को लेकर समस्त जैन समाज में संपूर्ण विश्व में आक्रोश व्याप्त है जिसको लेकर व्यापक आंदोलन भी किए जा रहे हैं। वही कई नेताओं के के भी बयान आने लगे हैं। इसको लेकर झारखंड भाजपा विधायक दल के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड सरकार बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर यह मांग की है कि सम्मेद शिखर पारसनाथ पर्वत को पर्यटक स्थल घोषित करने पर रोक लगाने की मांग की है। पत्र में लिखा गया है की श्री सम्मेद शिखर पारसनाथ जैन समुदाय के 20 तीर्थंकर और अनंत संतो की मोक्ष स्थली रही है। यह पवित्र भूमि जैन समाज के लोगों की भावनाओं से जुड़ी है। इसके साथ ही पूरे विश्व के जैन समाज के लोगों की आस्था भी इससे जुड़ी हुई है। कहा गया है कि ज्ञापन में जैन समाज के लोगों ने कहा है कि यह पवित्र भूमि को पर्यटन स्थल घोषित नहीं किया जाए। यदि इसे पर्यटन स्थल घोषित किया जाता है तो इस पवित्र भूमि पर मांस मदिरा की बिक्री शुरू हो जाएगी। इससे इस पवित्र जैन धर्म तीर्थ स्थली की पवित्रता भंग होगी। साथ ही कहा गया है कि पर्वतराज के वंदना स्थल का अतिक्रमण, पेड़ों की अवैध कटाई, पत्थरों का अवैध खनन हो रहा है। ऐसे में जैन धर्मावलंबियों की भावना वह आस्था को देखते हुए पवित्र तीर्थ स्थल को पर्यटन स्थल घोषित करने पर रोक लगाई जाए।

**संकलन: अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी**

# विशेष आवरण व विरूपण मोहर का होगा आज अनावरण

**शाढ़ौरा. शाबाश इंडिया**

जैन दर्शन के प्रमुख संत परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के दीक्षा के पचास वर्ष के साथ ही आचार्य पद स्वर्ण जयंती पर शाढ़ौरा जैन समाज द्वारा विशेष आवरण एवं विरूपण मोहर का अनावरण समारोह डाक तार विभाग के विशेष सहयोग से डाक घर पर आज किया जा रहा है। मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि अशोक नगर के लोकप्रिय विधायक जजपाल सिंह जज्जी भइया के मुख्य आतिथ्य व नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया अनुराग जैन तहसीलदार डाक तार विभाग के जिला प्रमुख के विशेष में यहां समारोह मध्यम में एक बजे डाक घर शाढ़ौरा पर किया जा रहा है जिसकी सम्पूर्ण तैयारीयां जैन समाज शाढ़ौरा द्वारा की जा रही है।

# सम्मेदशिखर को पर्यटन से विलोपित करने पर झारखंड सरकार सकारात्मक

## झारखंड सीएमओ रांची में समग्र जैन समाज, भारत के अध्यक्ष राकेश जैन मड़िया सहित प्रतिनिधियों की हुई भेंट



**झारखंड/कोटा. शाबाश इंडिया**

जैन धर्म के सर्वोच्च तीर्थस्थल श्री सम्मेदशिखर जी के विषय में समग्र जैन समाज, भारत के प्रतिनिधि मंडल की संसद भवन दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से हुई भेंट व बिरला की झारखंड मुख्यमंत्री से हुई वार्ता की अगली कड़ी में समग्र जैन समाज, भारत के अध्यक्ष तथा भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के संयोजक राकेश जैन मड़िया (कोटा) के नेतृत्व में महामंत्री विनोद जैन (टोरडी), संरक्षक जमनालाल हपावत एवं प्रकाश मोदी सहित प्रतिनिधिमंडल ने पुनः रांची स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में तीर्थराज सम्मेदशिखर को पर्यटन आदेश से विलोपित या निरस्त करने के सम्बंध में भेंट कर गहन चर्चा की । अध्यक्ष राकेश जैन मडिया ने मुख्यमंत्री के निजी सचिव विनय कुमार चौबे आईएएस एवम पर्यटन सचिव मनोज कुमार आईएएस को अवगत कराते हुए कहा शाश्वत तीर्थराज कहे जाने वाला श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्र (पारसनाथ हिल) जैन धर्म के वर्तमान 24 तीर्थकरों में से 20 तीर्थकरों की मोक्ष स्थली है, जिसको लेकर जैन धर्मावलंबियों की गहरी आस्था है, पर्यटन क्षेत्र घोषित होने से यहाँ की पवित्रता को खतरा होगा क्योंकि पर्यटकों के लिए यह आमोद- प्रमोद का स्थान बनेगा जबकि जैन धर्मावलंबियों के लिए यह आस्था का हृदय केन्द्र है इसे पर्यटन सूची से हटाया जाये। इस पर अधिकारियो द्वारा झारखंड सरकार के 2019 के गजट की प्रति उपलब्ध करवाते हुए कहा कि यदि इसे पर्यटन सूची हटा दिया गया तो इस पर से सरकार का नियंत्रण समाप्त हो जायेगा और इससे अन्य गतिविधियों को रोकने टोकने में समस्या उत्पन्न होगी । जिस पर महामंत्री विनोद जैन टोरडी ने सम्मेदशिखर पवित्र जैन तीर्थ स्थल विकास समिति का प्रस्ताव दिया । झारखंड के मुख्यमंत्री के निजी सचिव ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष महोदय से वार्ता के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वंय इस मामले के प्रति गंभीर है और सरकार का मूल उद्देश्य केवल पारसनाथ हिल के पर्यावरण को संरक्षित करना है, हम जैन धर्मावलंबियों की भावना का सम्मान करते है हमारा यहीं प्रयास रहेगा कि श्री सम्मेदशिखर जी की पवित्रता एवं शुध्दता अक्षुण्ण बनी रहे इस संबंध में समाज के पक्ष में जल्द ही निर्णय कर सूचित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल द्वारा श्री सम्मेदशिखर जी का आकर्षक स्मृति चित्र भी मुख्यमंत्री के निजी सचिव एवम पर्यटन सचिव को भेंट किया गया ।

# कैसे होता है बुद्धि का विकास :श्रमण मुनि विशल्यसागर जी



**गया. शाबाश इंडिया**

श्री 1008 पारसनाथ दि. जैन मंदिर गया में विराजमान प. पू. झारखण्ड राजकीय अतिथि श्रमण मुनि श्री विशल्यसागर जी गुरुदेव पू . गुरुदेव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी कल्याण के पथ पर चले अपनी आत्मा को परमात्मा बना सके अपने अंदर की आत्मा की शक्ति को प्रगृट कर सके इसी भावना को लेकर के सभी आचार्य भगवान अकलंक स्वामी द्वारा विरचित ग्रंथ स्वरूप सम्बोधन जो हमारे जीवन के लिए पथ भी देता है पाथेय भी देता है हमारे जीवन के लिए मार्ग भी देता है और मार्ग दर्शन भी करता है प्रकाश भी देता है जीवन के लिए विकाश भी करता है यह अनुसंधान ग्रंथ है।आचार्य अकलंक देव जैन धर्म के प्राड़ाण्ड विद्वान थे जिनकी गाथाओं का प्रमाण दिया जाता है प्रमाण कहा जाता है जैन वाड़मय में, जैन प्राकाण्डों में अकलंक स्वामी का इतिहास भूला नहीं सकता ।वह एक पाठी थे एक बार पढ़ लेने से जिन्हे याद हो जाता था जिनकी प्रेज्ञा ,मेघा विशाल थी जिन्होंने अपना जीवन जैन धर्म के लिए समर्पित कर दिया था ।ऐसे आचार्य का ग्रंथ हम यदि पढ़ते है तो हमारी भी मेघा,प्रेज्ञा विकास हो जाएगें ।लोग कह है कि याद नही होता लेकिन मैं कहता हूँ कि यदि इस ग्रंथ को बड़ी भक्ति भावना से पढ़ना चालू करता है तो पक्का बुद्धि का विकास हो जाएगा।

# सिंधु संस्कार सेवा समिति द्वारा आयुर्वेदिक काढ़ा का वितरण किया



**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया।** सिंधु संस्कार सेवा समिति द्वारा बापू नगर स्थित हेमू कॉलोनी पार्क आई सेक्टर में प्रातः आयुर्वेदिक काढ़ा का वितरण किया गया। समिति के सुरेश सोनी के निर्देशन में प्रातः 6:30 से 8:00 तक प्रतिदिन हेमू कॉलोनी पार्क में आयुर्वेदिक काढ़ा नागरिकों को वितरण किया जा रहा है। समाजसेवी ढालूमन सोनी साथियों द्वारा विगत वर्ष पूर्व कोरोना संक्रमण रोग फैल रहा था तब से काढा बापू नगर निवासियों को घर-घर जाकर काढा पिलाने का कार्य कर सेवा प्रदान कर रहे हैं । इस कड़ाके की ठंड में काढ़ा पिलाने से इम्यूनिटी पावर रोग प्रतिरोधक बचाव के लिए लाभकारी रहता है । वार्ड नंबर 11 के पार्षद श्रीमती इंदू टांक एवं गौरव टाक ने इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस पुनीत कार्य में जनभागीदारी रहना चाहिए।

### मुरेना ज्ञानतीर्थ पर शिक्षण प्रशिक्षण शिविर

# सभी को ज्योतिष का ज्ञान हो: स्वस्तिभूषण



**मनोज नायक. शाबाश इंडिया।**

मुरैना । संस्कारधानी, धर्म नगरी श्री ज्ञानतीर्थ क्षेत्र मुरेना की पावन धरा पर पूज्य आर्यिका संघ के सान्निध्य में शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर का आयोजन चल रहा है। शिविर कुलपति ब्रह्मचारी श जयकुमार ''**निशांत**'' द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार परम पूज्य आर्यिका श्री स्वस्ति भूषण माताजी के मंगल सानिध्य में अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन शास्त्री परिषद के तत्वावधान में आयोजित शिक्षण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन श्री ज्ञानतीर्थ क्षेत्र मुरेना में हो रहा है। शिविर के द्वितीय दिन मंगलाचरण डॉ. संजय शास्त्री टीकमगढ़ एवं दीप प्रज्वलन उपस्थित विद्वानों द्वारा किया गया । शिविर का संचालन पंडित कमल हाथी शाह द्वारा किया गया । शिविर के प्रातःकालीन सत्र में पंडित गजेंद्र जी फरुर्खाबाद के द्वारा ज्योतिष का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें ज्योतिषानुसार किसी भी आयोजन के लिए शुभ और अशुभ महूर्त के विषय में व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

## भारतीय जीवन बीमा निगम बालेसर में विद्यार्थियों की इंटर्नशिप, दूसरे दिन काफी इंटरएक्टिव रहा



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को समाज के विभिन्न क्षेत्रों के व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए पहल की गई इसी क्रम में राजकीय उच्च माध्य विद्यालय कुई इंदा, विद्यालय दुधा बेरा, विद्यालय भानगढ़, विद्यालय धर्मा -दिया बेरा, विद्यालय नया बेरा, विद्यालय धीरपुरा । 16 विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिन्हें आज दूसरे दिन भारतीय जीवन बीमा निगम के अंतर्गत जो पेपर वर्क पूरा किया जाता है उसके बारे में भिन्न जानकारियां विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई गई ।

## श्री महावीर कॉलेज को मिला "आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन इन इन्नोवेटिव मेथड्स ऑफ टीचिंग-2022" का अवार्ड




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

द एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान ने इस वर्ष भी दिया श्री महावीर कॉलेज को शिक्षा के क्षेत्र में "आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन इन इन्नोवेटिव मेथड्स ऑफ टीचिंग-2022" का अवार्ड। अवार्ड समारोह के दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र , उद्योग मंत्री शकुंतला रावत की ओर से दिए गए इस पुरस्कार को कार्यकारिणी सदस्य रूपिन काला, कॉलेज प्राचार्य डॉ आशीष गुप्ता ने प्राप्त किया। श्री महावीर कॉलेज को यह अवार्ड शिक्षण के नवीन तरीकों में उत्कृष्ट योगदान , बेहतर प्लेसमेंट, बेहतर शिक्षण के तरीको समेत अन्य मापदंडो पर खरा उतरने के लिए जूरी की ओर से दिया गया। इस मौके पर उद्योग मंत्री शकुंतला रावत समेत विभिन इंडस्ट्रिलिस्ट ,बिजनेस लीडर अवं विभिन क्षेत्रों के अन्य गणमान्य हस्तिया मौजूद थी ।

## 8 से 10 जनवरी तक आयोजित युवा प्रवासी दिवस समारोह में नेशनल यूथ अवार्डी दिव्या कुमारी जैन को भी किया गया आमंत्रित



**कोटा,चित्तौड़गढ़. शाबाश इंडिया**

इंदौर मध्यप्रदेश में पहली बार आयोजित प्रवासी भारतीय दिवस समारोह जो कि 8 जनवरी से 10 जनवरी 23 को आयोजित है। उसमें नेशनल यूथ अवार्डी, पर्यावरण मित्र दिव्या कुमारी जैन को भी आमंत्रित किया गया है। दिव्या ने बताया कि उसे अंडर सेक्रेटी, युवा व खेल मंत्रालय भारत सरकार,नई दिल्ली का आमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ है। दिव्या ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के साथ ही गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली होंगे ।गेस्ट ऑफ ऑनर आस्ट्रेलिया हाउस ऑफ पार्लियामेंट की सदस्य जेनेटा मेस्क्रेनहेन्स रहेंगी ।इसके अलावा 8 स्टेट हेड, राजदूत, व कही अन्य गणमान्य जन होंगे । राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी, , केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, मुख्यमंत्री आदि गणमान्य जन पधारेंगे। कार्यक्रम की थीम - प्रवासी- अमृत काल मे भारत की प्रगति के लिए विश्वसनीय भागीदार है। प्रथम दिवस आधा दिवस यूथ पर रहेगा, जिसमे उन्हें भी चर्चा का अवसर मिलेगा। दिव्या ने बताया है कि वह इस कार्यक्रम को लेकर बहुत उत्साहित है, वह इसमे भाग लेगी, निश्चित रूप से इससे जानने व सीखने को मिलेगा। समस्त व्यवस्था मंत्रालय द्वारा की जाएगी।

## पदमचंद गांधी का उज्जैन में राष्ट्रीय लेखक अभिनंदन एवं सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** वरिष्ठ श्रावक आध्यात्मिक चिंतक एवं लेखनी के धनी प्रमुख समाजसेवी पदम चंद गांधी को 30 वा राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव में राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन द्वारा देव तुल्य मानव पुस्तिका में अपना अनुकरणीय योगदान हेतु राष्ट्रीय लेखक अभिनंदन एवं सम्मान तथा अटल जयंती स्मृति सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ मोहन गुप्त आईएएस पूर्व संभागीय आयुक्त, डॉ अशोक कुमार भार्गव आईएएस ,डॉक्टर प्रभु चौधरी, डॉक्टर शैलेंद्र कुमार शर्मा कुलाना शासक विक्रम विश्वविद्यालय, यशवंत भंडारी, ब्रजकिशोर शर्मा ,डॉक्टर प्रभु चौधरी ,राजेश जैन एवं देश के विभिन्न स्थानों से आए हुए लेखक एवं विद्वत जन उपस्थित रहे ।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ - 27 से 30 दिसम्बर तक आयोजित होंगें मैच





**कोटा. शाबाश इंडिया।** वेलफेयर सोसायटी कोटा द्वारा आयोजित दूसरे आसफि या क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ गवर्नमेंट आर्ट्स कालेज कोटा के ग्राउण्ड में किया हुआ।प्रेस सेक्रेटी आजाद शेरवानी ने बताया कि टुर्नामेंट का शुभारम्भ सोसायटी के सदर अब्दुल रहमान कुरेशी सेक्रेट्री असीम अहसान शेरवानी और केशियर मो. रहीम पठान ने किया। इस अवसर पर अब्दुल हनीफ, आरिफ शिरानी, इसरार शेरवानी, कामरान अली, इरफान शेरवानी, इरशाद शेरवानी सहित सोसायटी के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। आज का पहला मेच रॉयल चेलेंजर और स्टार लाडपुरा के बीच रहा। इस मेच में रॉयल चेलेन्जर ने स्टार लाडपुरा को 69 रन से हराया। रायल चेलेंजर के 170/9 एवं इलेवन स्टार लाडपुरा के 101/10 रन रहे और दूसरा मेच इलेवन स्टार लाडपुरा और के बी सी सी टीम के बीच रहा। इस मेच में के बी सी सी टीम ने इलेवन स्टार लाडपुरा को 8 वीकेट से हराया ,इलेवन स्टार लाडपुरा के 161/9 और के बी सी सी के 162/9 रन रहे।

## अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी ने कहा...

# कुछ कहकर चले जाते हैं, कुछ सुनकर चले जाते हैं, कुछ देखकर चले जाते हैं, कुछ करके चले जाते हैं

**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया**



जो ज्ञान प्राप्त किया है उसे तदनुरूप आचरण में भी लाइये। गणधर पीठ पर या व्यास पीठ पर बैठकर ज्ञान की ऊँची बातें तब कारगर सिद्ध होती है जब स्वयं के आचरण में आती है। हमने-आपने बचपन में एक कहानी सुनी थी - किसी तोते को उसके मालिक ने सिखाया था कि शिकारी आयेगा, जाल फैलायेगा, दाना डालेगा, उसमें फसना मत। तोते को यह बात कण्ठस्थ हो गई। एक बार शिकारी आया, जाल बिछाया, दाना डाला और पास में चुपचाप बैठ गया कि देखते हैं कौन फंसता है? वही तोता आया जिसने कण्ठस्थ कर लिया था कि शिकारी आयेगा, जाल फैलायेगा, दाना डालेगा लेकिन उसमें फंसना मत। फिर क्या था प्त तोता आया, जैसे ही दाना खाया और शिकारी के जाल में फंस गया। तोते ने मालिक के शब्दों को कण्ठस्थ तो किया पर हृदयस्थ नहीं कर पाया। इसी प्रकार बहुत से साधु सन्त अच्छी और ऊंची ऊंची ज्ञान की बातें करने वाले, बहुत से प्रवचनकार, कथावाचक, तमाम कुरीतियों पर प्रहार करने वाले, तोते जैसा ज्ञान देकर जाने वाले साधु सन्त स्वयं ही अपनी योजनाओं के मकड़जाल में फंसते जा रहे हैं। जो ज्ञान प्राप्त किया है वह पचना भी चाहिए, चारित्र में उतरना चाहिए। दुनिया में जितने भी दुराचारी, चोर बदमाश हुये हैं, वो भी जानते थे कि चोरी नहीं करना चाहिए, झूठ नहीं बोलना चाहिए, छल कपट नहीं करना चाहिए, लेकिन वे खुद को बचा नहीं सके। इसलिए ध्यान रखना! प्रकृति - स्वभाव में जीने की बात करती है और संस्कृति - संस्कारों के रख-रखाव की बात करती है...!!! नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# श्री वीर सेवक मंडल द्वारा मौन जुलूस की व्यवस्था का कार्य सुचारु रूप से किया




## आयोजकों के असहयोग के बावजूद भी हमेशा की तरह निस्वार्थ सेवा भाव से किया अपना कार्य

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रविवार 25 दिसंबर को सकल जैन समाज जयपुर द्वारा शिखरजी बचाओ अभियान के तहत मौन जुलूस निकाला गया। मौन जुलूस प्रातः9 बजे अग्रवाल कॉलेज से प्रारंभ होकर सांगानेरी गेट , जोहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़ , किशनपोल बाजार, एम आई रोड, महावीर मार्ग होता हुआ महावीर स्कूल पहुंच कर धर्म सभा में परिवर्तित हो गया। सकल जैन समाज ने एक मत से निर्णय कर जुलूस की व्यवस्था का कार्यभार श्री वीर सेवक मंडल को सौंपा। मंडल के 100 से अधिक स्वयं सेवकों ने मंत्री एवं दलपति भानु छाबड़ा उप दलपति सुरेश भोंच एवं महेश बाकलीवाल के नेतृत्व में जुलूस के मार्ग की एवं धर्म सभा की व्यवस्था के कार्य को बहुत ही सुंदर तरीके से संपन्न किया । जबकि जुलुस के नेतृत्वकर्ता चन्द नेताओं ने अपने फोटो खिचवाने के जुनुन मे व्यवस्था को बीगाडने मे कोई कसर नही छोडी थी । लगभग 4 किलोमीटर लंबे मार्ग में व्यवस्था में अरुण कोडीवाल, राजकुमार छाबड़ा, प्रदीप गोधा,शरद बाकलीवाल, योगेश टोडरका, राकेश छाबड़ा ने सक्रिय भूमिका निभाई। सकल जैन समाज बंधुओ ने मंडल द्वारा दी गई सेवाओं की प्रशंसा की।

# Bf 7 कोरोना वायरस का संक्रमण कितनी तेजी से फैलता है?



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

चीन में कोरोना वायरस का नया वेरिएंट BF.7 कहर बरपा रहा है। यह वेरिएंट तेजी से फैल रहा है कि चीन की राजधानी बीजिंग में ही करीब 70 फीसदी लोग इस संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। धीरे-धीरे मरने वालों की संख्या भी बढ़ने लगी है। यहां हालात इतने खराब हो गए हैं कि लोगों को अपने परिवार के अंतिम संस्कार के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। इससे भारत समेत कई देश अलर्ट हो गया है। वहीं इस पर एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह पूरी दुनिया में फैल सकता है.. जिसके लिए भारत ने भी अपनी कमर कस ली है और भारत के कई राज्यों के साथ साथ केन्द्र सरकार हाई अलर्ट पर है.. क्योंकि भारत में भी BF.7 के चार मामले सामने आ चुके हैं।कितना खतरनाक है कोरोना का नया वेरिएंट BF.7,दरअसल BF.7 असल में एक शॉर्ट फ़ॉर्म है। इसका पूरा नाम BA.5.2.1.7 है। ये ओमिक्रॉन के BA.5 वेरिएंट का सब-वेरिएंट है दुनिया भर में ओमिक्रॉन के BA.5 वेरिएंट के ही सबसे ज़्यादा केस दर्ज हैं। बता दें कि कोरोना के कुल मामलों के क़रीब 76 प्रतिशत मामले इसी वायरस के हैं। वहीं आप यह भी समझिए कि, चीन में जिस तरह की रिपोट्र्स आ रही हैं, उनसे तो संकेत यही मिलता है कि BF.7 बाक़ी ओमिक्रॉन सब-वेरिएंट्स से ज़्यादा ख़तरनाक है।सबसे ज्यादा तेजी से फैलने वाला वेरिएंट,इसकी संक्रमण क्षमता सबसे ज्यादा है। और यह बहुत ही तेजी से फैलता है। BF.7 से संक्रमित व्यक्ति 10 से 18 लोगों को इनफेक्ट कर सकता है। ओमीक्रॉन के बाक़ी वेरिएंट्स औसतन 5 लोगों को संक्रमित कर सकते हैं। तो आप खुद समझिए की यह कितना खतरनाक हो सकता है।इंक्यूबेशन पीरियड कम,वहीं इस वेरिएंट का इंक्यूबेशन पीरियड भी कम है. इनक्यूबेशन पीरियड माने वायरस के संपर्क में आने और पहले लक्षण दिखने के बीच का समय होता है, मतलब कि जैसे ही आप BF.7 के संपर्क में आए, तो आपको यह तुरंत ही अपनी चपेट में ले सकता है। और रिपोट्र्स तो ये भी कह रही हैं कि उन लोगों को खतरा ज़्यादा है, जिन्हें पहले कोरोना हुआ हो या जिन्हें वैक्सीन नहीं लगी हो।वैसे भारत में इम्यूनिटी अच्छी है,प्रोटोकॉल को फॉलो करना विकल्प है।